मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-524**
**07/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने पारस एच0एम0आर0आई0 हॉस्पिटल परिसर में अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ नर्सिंग का किया उद्घाटन

पटना, 07 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ नर्सिंग के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। पारस एच0एम0आर0आई0 हॉस्पिटल परिसर, नेहरु पथ स्थित अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के उद्घाटन कार्यक्रम में हई फाउंडेशन के संस्थापक डॉ0 अहमद अब्दुल हई ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। पटना मुस्लिम हाई स्कूल के एन0सी0सी0 बोर्ड ऑफ पटना द्वारा मुख्यमंत्री को सलामी दी गयी। अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के प्रथम बैच की छात्राओं ने मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत गान किया। इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति गीत 'सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा' का गायन किया। कार्यक्रम के अंत में पटना मुस्लिम हाई स्कूल के एन0सी0सी0 बोर्ड के छात्रों द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के आगमन पर डॉ0 अहमद अब्दुल हई ने स्वागत भाषण किया।

इस अवसर पर विधायक श्री शकील अहमद खान, न्यायमूर्ति समरेन्द्र प्रताप सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति श्री एस0एन0 सिन्हा, मौलाना मजहरुल हक अरबी–फारसी विश्वविद्यालय के कुलपति मो0 आलमगीर आलम, पारस हेल्थ केयर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 विक्रम सिंह चौहान, पारस हेल्थ केयर के सी0ई0ओ0 डॉ0 सैंटी साजन, प्रसिद्ध समाज सेविका श्रीमती सुधा वर्गीज, जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, पारस हेल्थ केयर के चिकित्सकगण, हई फाउंडेशन के सदस्यगण एवं अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के प्रथम बैच की छात्राएं उपस्थित थीं।

******